VSA
English Medium School
Little Steps
The Primary wing of VSA
VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 805899
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipu

Class 9 Subject: hindi grammar

Topic -ch.4 (काल)

# प्रश्न/उत्तर करो।

**प्रश्न 1.** गया था, जा रहा हूँ, जाऊँगा ये किन-किन कालों की क्रियाएँ हैं? लिखिए।

**उत्तर**—ये क्रियाएँ क्रमशः भूतकाल, वर्तमान काल तथा भविष्यत् काल की हैं।

**प्रश्न 2.** व्याकरण में 'काल' का क्या अर्थ होता है? लिखिए।

**उत्तर**—समय का बोध कराने के लिए क्रिया के रूप में हुए परिवर्तन को काल कहा जाता है।

**प्रश्न 3.** काल के कितने भेद हैं? लिखिए।

**उत्तर**—काल के तीन भेद हैं—भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल।

**प्रश्न 4.** भूतकाल, वर्तमान काल तथा भविष्यत् काल की क्रियाओं का एक-एक उदाहरण लिखिए।

**उत्तर**—उदाहरण इस प्रकार हैं—

भूतकाल—देखा था। वर्तमान काल—देखता है। भविष्यत् काल—देखेगा।

**प्रश्न 5.** 'जलना' क्रिया से भविष्यत् काल का रूप बनाइए।

**उत्तर**—कल रामलीला में रावण का पुतला जलेगा।

**प्रश्न 6.** 'मैं बड़ी तेजी से भाग रहा था'-यह वाक्य किस काल का है? लिखिए।

**उत्तर**—यह वाक्य भूतकाल का है।

**प्रश्न 7.** 'ये लुप्त लोचन ज्योतिषाभरण बड़े उद्दण्ड पण्डित हैं।' यह वाक्य किस काल का है? लिखिए।

**उत्तर**—यह वाक्य वर्तमान काल का है।

**प्रश्न 8.** 'नहीं, अमीना उसे यों न जाने देगी'। इस वाक्य में किस काल की क्रिया का प्रयोग हुआ है? लिखिए।

**उत्तर**—इस वाक्य में भविष्यत् काल की क्रिया का प्रयोग हुआ है।

**प्रश्न 9.** भूतकाल से किस समय का बोध होता है?

**उत्तर**—भूतकाल से बीते हुए समय का बोध होता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 10. भूतकाल के कितने भेद होते हैं? लिखिए।

उत्तर—भूतकाल के छह भेद होते हैं—

(1) सामान्य भूत (2) आसन्न भूत (3) पूर्ण भूत

(4) अपूर्ण भूत (5) संदिग्ध भूत (6) हेतुहेतुमद् भूत।

प्रश्न 11. सामान्य भूतकाल के दो वाक्य लिखिए।

उत्तर—(1) वह विद्यालय गया। (2) मधु ने पुस्तक पढ़ी।

प्रश्न 12. 'उसके अब्बाजान रुपए कमाने गए हैं।' यह वाक्य किस काल का है?

उत्तर—यह वाक्य आसन्न भूतकाल का है।

प्रश्न 13. पूर्णभूत काल का एक वाक्य लिखिए।

उत्तर—उद्धव तीन बजे घर से निकल चुका था।

प्रश्न 14. वर्तमान काल का प्रयोग कौन-सी क्रियाओं के साथ होता है?

उत्तर—वर्तमान काल का प्रयोग उन क्रियाओं के साथ होता है जो बोलने या लिखने के समय सम्पन्न होती हैं।

प्रश्न 15. वर्तमान काल की क्रिया से युक्त दो वाक्य लिखिए।

उत्तर—(1) मैं नित्य विद्यालय जाता हूँ। (2) कुंदन सुबह पाँच बजे जागता है।

प्रश्न 16. वर्तमान काल के कितने भेद हैं? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण लिखिए।

उत्तर—वर्तमान काल के पाँच भेद हैं—

(1) सामान्य वर्तमान (2) तात्कालिक या अपूर्ण वर्तमान

(3) पूर्ण वर्तमान (4) संदिग्ध वर्तमान

(5) संभाव्य वर्तमान

(i) वह अब इस विद्यालय में नहीं पढ़ती है। (सामान्य वर्तमान)

(ii) कुछ लोग मंदिर के बाहर भिक्षा माँग रहे हैं। (अपूर्ण वर्तमान)

(iii) उसने परीक्षा की तैयारी अच्छी तरह कर ली है। (पूर्ण वर्तमान)

(iv) शायद उस समय चौकीदार जाग रहा होगा। (संदिग्ध वर्तमान)

(v) सरकार बदल गयी, हो सकता है देश उन्नति करे। (संभाव्य वर्तमान)

प्रश्न 17. सामान्य वर्तमान के दो वाक्य लिखिए।

उत्तर—(1) वे झगड़ते हैं। (2) जुलाहा कपड़ा बुनता है।

प्रश्न 18. अपूर्ण वर्तमान किसे कहा जाता है? दो उदाहरण भी लिखिए।

उत्तर—वर्तमान काल के जिस रूप से क्रिया के जारी रहने का बोध होता है, वह अपूर्ण वर्तमान कहा जाता है।

उदाहरण—(i) वह पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न कर रही है।

(ii) तुम इस प्रकार से अपना समय व्यर्थ कर रहे हो।

प्रश्न 19. 'छात्र अगले सप्ताह शैक्षिक भ्रमण पर जा रहे हैं।' यह किस काल का वाक्य है? लिखिए।

उत्तर—यह तात्कालिक या अपूर्ण वर्तमान काल का वाक्य है।

प्रश्न 20. भविष्यत् काल से किस काम का बोध होता है? लिखिए।

उत्तर—भविष्यत् काल से भविष्य में आने वाले समय का बोध होता है।

प्रश्न 21. भविष्यत् काल के कितने भेद हैं? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण भी लिखिए।

उत्तर—भविष्यत् काल के निम्नलिखित पाँच भेद हैं—

Scanned with CamScanner

(1) सामान्य भविष्यत्
(2) अपूर्ण भविष्यत्
(3) पूर्ण भविष्यत्
(4) संभाव्य भविष्यत्
(5) हेतुहेतुमद भविष्यत्

उदाहरण—(i) सन्तोष अपना समय व्यर्थ नहीं गँवाएगी। (सामान्य भविष्यत्)
(ii) वह जीवन भर भटकता ही रहेगा। (अपूर्ण भविष्यत्)
(iii) समस्त अपराधी दण्ड पा चुके होंगे। (पूर्ण भविष्यत्)
(iv) हो सकता है मोदी इस बार पुनः प्रधानमंत्री बन जाएँ (संभाव्य भविष्यत्)
(v) जैसा बोओगे वैसा काटोगे। (हेतुहेतुमद् भविष्यत्)

प्रश्न 22. सामान्य भविष्यत् काल के चार वाक्य लिखिए।

उत्तर—(1) मैं घर जाऊँगा।
(2) कविता बाजार से सब्जी लाएगी।
(3) वह अपने गुरुजनों का सदा सम्मान करेगा।
(4) उसे अवश्य ही इनाम मिलेगा।

प्रश्न 23. 'लगता है आज वर्षा होगी।' यह किस काल का वाक्य है? लिखिए।

उत्तर—यह संभाव्य भविष्यत् काल का वाक्य है।

प्रश्न 24. अपूर्ण भविष्यत् काल के चार वाक्य लिखिए।

उत्तर—(1) दिन पर दिन बीतते जाएँगे।
(2) श्रमिक कब तक ऐसे ही ठगे जाते रहेंगे?
(3) भारत में जाति प्रथा चलती ही रहेगी।
(4) मैं सदा देश सेवा करता रहूँगा।

प्रश्न 25. पूर्ण भविष्यत् काल किसे कहा जाता है? उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर—भविष्यत् काल की क्रिया के जिस रूप से बोध होता है कि कार्य भविष्य में समाप्त हो जाएगा, उस पूर्ण भविष्यत् काल कहा जाता है। जैसे—वह निश्चय ही परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर चुका होगा।

प्रश्न 26. पूर्ण भविष्यत् काल के चार वाक्य लिखिए।

उत्तर—(1) सूर्य छिप चुका होगा।
(2) तब तक नर्मदा में बहुत पानी बह चुका होगा।
(3) समस्त अपराधी पकड़े जा चुके होंगे।
(4) माता जी हमारे लिए भोजन बना चुकी होंगी।

प्रश्न 27. अपूर्ण भूत की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर—क्रिया के जिस रूप से बोध होता है कि काम भूतकाल में हो रहा था और कार्य की निरन्तरता था बोध होता है उसे अपूर्ण भूत कहा जाता है, जैसे—

(क) मुगल सेना आगे बढ़ती आ रही थी।
(ख) यमुना में जल स्तर निरन्तर बढ़ रहा था।
(ग) लोग आतंकी हमले से जान बचाने को भाग रहे थे।
(घ) क्रांतिकारी अंग्रेजी शासन के दाँत खट्टे कर रहे थे।

प्रश्न 28. हेतुहेतुमद् भूतकाल की परिभाषा उदाहरणों सहित लिखिए।

उत्तर—हेतुहेतुमद् भूतकाल की क्रिया का वह रूप होता है, जिससे बोध होता है कि शर्त पूरी न हो पाने से काम नहीं हो पाया। जैसे—

(क) ओले पड़ जाते, तो खेतों में कुछ न बच पाता।
(ख) अपराधी पकड़ा जाता, तो उसे कठोर दण्ड अवश्य मिलता।
(ग) तुमने कठिन परिश्रम किया होता, तो अवश्य प्रथम आते।
(घ) न वे समय पर आए, न उन्हें सुअवसर मिल पाया।

Scanned with CamScanner